# जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया
# Jananayak Chandrashekhar University, Ballia

पत्रांक–जे0एन0सी0यू0 / सा0प्र0 / 10531 / 2026 दिनांकः 16 सितम्बर, 2026

शीर्ष प्राथमिकता / समयबद्ध

सेवा में,

01. निदेशक शैक्षणिक,
विश्वविद्यालय परिसर।

02. प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय,
जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय,
बलिया।

**विषयः–प्रदेश में 'सेवा संकल्प अभियान' (17 सितम्बर, 2026 से दिनांकः 17 अक्टूबर, 2026) का आयोजन एवं प्रभावी क्रियान्वयन के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक उच्च शिक्षा अनुभाग–3, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्याः 920 / सत्तर–3–2026–2091267, दिनांकः 16 सितम्बर, 2026 (छायाप्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्याः 37 / 35–3 / 2026 / नियोजन अनुभाग–3, दिनांकः 15 सितम्बर, 2026 के अनुक्रम में प्रदेश में **'सेवा संकल्प अभियान' (17 सितम्बर, 2026 से दिनांकः 17 अक्टूबर, 2026)** के आयोजन एवं प्रभावी क्रियान्वयन के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश प्रदान किये गये हैं।

**तत्क्रम में माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार आप सभी से यह अपेक्षा की जाती है कि संलग्न पत्र में दिये गये दिशा–निर्देशानुसार 'सेवा संकल्प अभियान 2026' (आशीर्वाद का दीया) कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांकः 17 सितम्बर, 2026 को अपने महाविद्यालय में सायंकाल 07:00 बजे 50–50 की संख्या में दीपक प्रज्जवलित करते हुए उसके फोटोग्राफ्स एवं वीडियो डॉ0 रंजना मल्ल, नोडल अधिकारी, 'सेवा संकल्प अभियान 2026' (मो0नं0–8102652696) को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।**

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,

(एस0एल0 पाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. माननीय कुलपति जी।
2. डॉ0 रंजना मल्ल, नोडल अधिकारी, 'सेवा संकल्प अभियान 2026'।
3. जनसम्पर्क अधिकारी, जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया।
4. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने तथा कालेज लागिन में सम्प्रेषण हेतु।
5. सम्बन्धित पत्रावली।

कुलसचिव

पताः–शहीद स्मारक, निकट सुरहा ताल, जिला–बलिया,उ0प्र0 पिन कोडः–277001
Address:- Saheed Smarak, Near Surha Taal, Dist-Ballia, U.P. Pin Code-277001
Website:-www.jncu.ac.inE-mail :- jncuballia@gmail.com

**महत्वपूर्ण**

**संख्या- 920 /सत्तर-3-2026- 2091267**

प्रेषक,

**शकील अहमद सिद्दीकी,**
संयुक्त सचिव,
उ०प्र० शासन।

सेवा में,

1. **कुलपति,**
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उ0प्र0।

2. **निदेशक,**
उच्च शिक्षा,
उ0प्र0, प्रयागराज।

3. **कुलसचिव,**
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उ0प्र0।

4. **समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,**
उ0प्र0।

**उच्च शिक्षा अनुभाग-3** **लखनऊ: दिनांक 16 सितम्बर, 2026**

**विषयः प्रदेश में "सेवा संकल्प अभियान" (17 सितम्बर, 2026 से दिनांक 17 अक्टूबर, 2026) का आयोजन एवं प्रभावी क्रियान्वयन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या-संख्या-37/35-3/2026/नियोजन अनुभाग-3, दिनांक 15.09.2026 एवं प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 14.09.2026 को सम्पन्न वर्चुअल बैठक में दिये गये निर्देश का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो प्रदेश में "सेवा संकल्प अभियान" (17 सितम्बर, 2026 से दिनांक 17 अक्टूबर, 2026) का आयोजन एवं प्रभावी क्रियान्वयन के सम्बन्ध में है।

2- उक्त शासनादेश में दिये गये निर्देश के क्रम में उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 द्वारा निम्न 07 कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है, जिनका विवरण निम्नवत है :-

1. **आशीर्वाद का दीया (17.09.2026)**
   - प्रत्येक महाविद्यालय, समस्त राज्य विश्वविद्यालय एवं समस्त निजी विश्वविद्यालय द्वारा महत्वपूर्ण भवनों/मुख्य स्थानों पर सायंकाल 07:00 बजे 50-50 अथवा 20-20 की संख्या में दीपक प्रज्जवलित करना।
2. **मेरे सपनों का भारत (17.09.2026 से 07.10.2026 तक)**
   - इस कार्यक्रम के अन्तर्गत भाषण प्रतियोगितायें आयोजित की जायें। भाषण का विषय "विकसित भारत की संकल्पना" अथवा "सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं" रहेगा।
   - पहले चरण में महाविद्यालय स्तर पर, दूसरे चरण में उनके विजेताओं की विश्वविद्यालय स्तर पर तथा तीसरे स्तर पर विश्वविद्यालय विजेताओं की प्रदेश स्तर पर प्रतियोगिताए करायी जायेगी। सभी स्तर के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देना।

| | |
|---|---|
| महाविद्यालय स्तर पर भाषण प्रतियोगिता- | 3-5 छात्र/छात्राओं का चयन। |
| विश्वविद्यालय स्तर पर भाषण प्रतियोगिता- | महाविद्यालय स्तर पर चयनित छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग। |
| राज्य स्तर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा- | विश्वविद्यालय स्तर पर चयनित छात्रों/छात्राओं के मध्य प्रतियोगिता का आयोजना। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वालों को कुल 78 पुरस्कार वितरित किये जायेंगे। |

   - भाषण प्रतियोगिता का आयोजन समस्त राज्य विश्वविद्यालयों एवं निजी विश्वविद्यालयों में पृथक-पृथक रूप से किया जायेगा।

- भाषण प्रतियोगिता में प्रत्येक चरण में चयनित छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराया जायेगा।

**3. <u>नमोसेवा-अनकही कहानियां (18.09.2026 से 15.10.2026 तक)</u>**

- "नमो सेवा गाथा" के रिकार्डेड कार्यक्रम/पायलेट वीडियो का प्रदर्शन। जिलाधिकारी से प्राप्त वीडियो का मंचन किया जायेगा।
- जिले की पूर्व निर्धारित टीमों से महाविद्यालय/विश्वविद्यालय परिसर में नुक्कड़ नाटकों का आयोजन। इसमें फाइन आर्ट्स विभाग का सहयोग लिया जा सकता है।

**4. <u>सेवा की कहानी (17.09.2026 से 20.09.2026 तक)</u>**

- महाविद्यालय / विश्वविद्यालय स्तर पर हुए सकारात्मक बदलाव की कहानी।
- इस बदलाव से हुए सकारात्मक प्रभाव की 30 सेकण्ड की रील बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित करना। विगत 8 से 9 वर्षों में हुए नये परिवर्तन को रील के माध्यम से प्रदर्शित किया जायेगा।

**5. <u>सेवा मेरा योगदान (17.09.2026 से 17.10.2026 तक)</u>**

- महाविद्यालय/विश्वविद्यालय किसी स्थान विशेष पर स्वच्छता अभियान और सौन्दर्यीकरण का कार्य।
- योगदान से पूर्व की फोटो और योगदान के बाद की फोटो, वीडियोग्राफी।
- इस हेतु अपने शहर/जिले के सार्वजनिक स्थान को भी चयनित किया जा सकता है।
- नशामुक्ति अभियान हेतु कार्यक्रम आयोजित करना।

**6. <u>सेवा का रंग राष्ट्र के संग (17.10.2026)</u>**

- महाविद्यालय / विश्वविद्यालय के प्रमुख स्थान पर 17 × 17 (महाविद्यालय स्तर पर) से लेकर 76 × 76 (विश्वविद्यालय स्तर पर) फुट आकार की रंगोली। उक्त कार्यक्रम में एन0एस0एस0 से जुड़े छात्र-छात्राओं की विशेष सहभागिता सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये।
- रंगोली की थीम "विकसित भारत" अथवा "सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं" हो।
- बारिश/हवा से सुरक्षा वाला स्थान चयनित किया जाये।
- फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी एवं ग्राउण्ड शूट की व्यवस्था।

**7. <u>सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज</u>**

- महाविद्यालय/विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों/स्टार्टअप्स, इनोवेशन करने वालों को एक मंच से जोड़ना।
- देश के प्रमुख केन्द्रों (दिल्ली, बैंगलुरु, कोलकाता, महाराष्ट्र एवं गुजरात) में आयोजित होने वाले किसी इनोवेशन चैलेंज में प्रदेश के युवाओं की भागीदारी हेतु संस्थान के छात्रों का ओरिएंटेशन एवं मोटिवेशन किया जाना।
- उक्त कार्यक्रम के क्रियान्यन हेतु गूगल फार्म के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शन किये जाने वाले इनोवेशन की सूचना एकत्र की जाय।

3- उक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रस्तर-2 में अंकित कार्यक्रमों का क्रियान्वयन मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या-संख्या-37/35-3/2026/नियोजन अनुभाग-3, दिनांक 15.09.2026 में दिये गये निर्देश के क्रम में क्रियान्वित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

Digitally signed by
Shakil Ahmad Siddiqui
Date: 16-09-2026 15:45:09

(शकील अहमद सिद्दीकी)
संयुक्त सचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. निजी सचिव, समस्त विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. विशेष कार्याधिकारी/राज्य संपर्क अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक, उ0प्र0 शासन।
4. अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद, उ0प्र0।

आज्ञा से,

**(शकील अहमद सिद्दीकी)**
संयुक्त सचिव।

**प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में सेवा संकल्प अभियान के सम्बन्ध में उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ सम्पन्न बैठक दिनांक 14.09.2026 का कार्यवृत्त:-**

---

उक्त बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा भौतिक रूप से प्रतिभाग किया गया-

1) श्रीमती निधि श्रीवास्तव, विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
2) श्री सर्वेश कुमार सिंह, विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
3) श्री राम जन्म चौहान, उप सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
4) डॉ0 मंजू सिंह, विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक, उत्तर प्रदेश शासन।
5) निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज द्वारा वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया गया।
6) प्रो0 डी0सी0 शर्मा, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया गया।
7) डॉ0 दिनेश कुमार, अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ द्वारा वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया गया।
8) कुलपति/कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0 द्वारा वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया गया।
9) समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारियों द्वारा वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया गया।

2- प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 25 वर्षों के निरंतर सेवा काल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने तथा प्रत्येक नागरिक को 'विकसित भारत 2047' के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ने के दृष्टिगत दिनांक 17 सितंबर-17 अक्टूबर, 2026 तक विभिन्न 12 कार्यक्रमों के माध्यम से सेवा संकल्प अभियान प्रारंभ किया जाना है।

3- प्रमुख सचिव महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत क्रियान्वित किये जाने वाले कार्यक्रमों हेतु निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज नोडल अधिकारी हैं। निदेशक, उच्च शिक्षा को निर्देशित किया गया कि सेवा संकल्प अभियान के संकल्प हेतु निदेशालय स्तर पर एक टीम का गठन किया जाय। उक्त टीम में कार्यक्रमवार

नोडल अधिकारी नामित किये जायें। साथ ही अधीनस्थ कर्मचारियों को सम्मिलित कर टीम का गठन किया जाय।

- निदेशक, उच्च शिक्षा को निर्देशित किया गया कि उच्च शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0, प्रयागराज द्वारा सोशल मीडिया हैंडल निर्मित किया जाय। महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय उक्त हैंडल को टैग करे। मा0 मंत्री जी, उच्च शिक्षा विभाग को भी टैग करे।
- निदेशक, उच्च शिक्षा को निर्देशित किया गया कि आगामी 01 माह हेतु (17 सितंबर-17 अक्टूबर, 2026 तक) एक वाट्सएप ग्रुप का निर्माण किया जाय। उक्त ग्रुप में प्रोग्रामवार 15-20 चयनित चित्र भेजे जायें।
- समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि उक्त कार्यक्रमों का क्रियान्वयन समस्त राजकीय/अशासकीय/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय में किया जाय।

4- प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा कुलपति/कुलसचिव, समस्त राज्य विश्वविद्यालय, उ0प्र0 को निर्देशित किया गया कि सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत निम्न 07 कार्यक्रमों का क्रियान्वयन उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 द्वारा किया जाना है, जिनका विवरण निम्नवत है :-

1. <u>आशीर्वाद का दीया (17.09.2026)</u>
   - प्रत्येक महाविद्यालय, समस्त राज्य विश्वविद्यालय एवं समस्त निजी विश्वविद्यालय द्वारा महत्वपूर्ण भवनों/मुख्य स्थानों पर सायंकाल 07:00 बजे 50-50 अथवा 20-20 की संख्या में दीपक प्रज्जवलित करना।
2. <u>मेरे सपनों का भारत (17.09.2026 से 07.10.2026 तक)</u>
   - इस कार्यक्रम के अन्तर्गत भाषण प्रतियोगितायें आयोजित की जायें। भाषण का विषय "विकसित भारत की संकल्पना" अथवा "सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं" रहेगा।
   - पहले चरण में महाविद्यालय स्तर पर, दूसरे चरण में उनके विजेताओं की विश्वविद्यालय स्तर पर तथा तीसरे स्तर पर विश्वविद्यालय विजेताओं की प्रदेश स्तर पर प्रतियोगिताएं करायी जायेंगी। सभी स्तर के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देना।

| | |
|---|---|
| महाविद्यालय स्तर पर भाषण प्रतियोगिता- | 3-5 छात्र/छात्राओं का चयन। |

| | |
|---|---|
| विश्वविद्यालय स्तर पर भाषण प्रतियोगिता- | महाविद्यालय स्तर पर चयनित छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग। |
| राज्य स्तर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा- | विश्वविद्यालय स्तर पर चयनित छात्रों/छात्राओं के मध्य। |

- भाषण प्रतियोगिता का आयोजन समस्त राज्य विश्वविद्यालयों एवं निजी विश्वविद्यालयों में पृथक-पृथक रूप से किया जायेगा।
- भाषण प्रतियोगिता में प्रत्येक चरण में चयनित छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराया जायेगा।

3. **नमोसेवा-अनकही कहानियां (18.09.2026 से 15.10.2026 तक)**
   - "नमो सेवा गाथा" के रिकार्डेड कार्यक्रम/पायलेट वीडियो का प्रदर्शन। जिलाधिकारी से प्राप्त वीडियो का मंचन किया जायेगा।
   - जिले की पूर्व निर्धारित टीमों से महाविद्यालय/विश्वविद्यालय परिसर में नुक्कड़ नाटकों का आयोजन। इसमें फाइन आर्ट्स विभाग का सहयोग लिया जा सकता है।
4. **सेवा की कहानी (17.09.2026 से 20.09.2026 तक)**
   - महाविद्यालय / विश्वविद्यालय स्तर पर हुए सकारात्मक बदलाव की कहानी।
   - इस बदलाव से हुए सकारात्मक प्रभाव की 30 सेकण्ड की रील बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित करना। विगत 8 से 9 वर्षों में हुए नये परिवर्तन को रील के माध्यम से प्रदर्शित किया जायेगा।
5. **सेवा मेरा योगदान (17.09.2026 से 17.10.2026 तक)**
   - महाविद्यालय/विश्वविद्यालय किसी स्थान विशेष पर स्वच्छता अभियान और सौन्दर्यीकरण का कार्य।
   - योगदान से पूर्व की फोटो और योगदान के बाद की फोटो, वीडियोग्राफी।
   - इस हेतु अपने शहर/जिले के सार्वजनिक स्थान को भी चयनित किया जा सकता है।
   - नशामुक्ति अभियान हेतु कार्यक्रम आयोजित करना।
6. **सेवा का रंग राष्ट्र के संग (17.10.2026)**
   - महाविद्यालय / विश्वविद्यालय के प्रमुख स्थान पर 17 × 17 (महाविद्यालय स्तर पर) से लेकर 76 × 76 (विश्वविद्यालय स्तर पर) फुट आकार की रंगोली। उक्त कार्यक्रम में एन0एस0एस0 से जुडे छात्र-छात्राओं की विशेष सहभागिता सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये।
   - रंगोली की थीम "विकसित भारत" अथवा "सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं" हो।
   - बारिश/हवा से सुरक्षा वाला स्थान चयनित किया जाये।
   - फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी एवं ग्राउण्ड शूट की व्यवस्था।
7. **सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज**

- महाविद्यालय/विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों/स्टार्टअप्स, इनोटेशन करने वालों को एक मंच से जोड़ना।

- देश के प्रमुख केन्द्रों (दिल्ली, बैंगलुरु, कोलकाता, महाराष्ट्र एवं गुजरात) में आयोजित होने वाले किसी इनोवेशन चैलेंज में प्रदेश के युवाओं की भागीदारी हेतु संस्थान के छात्रों का ओरिएंटेशन एवं मोटिवेशन किया जाना।
- उक्त कार्यक्रम के कियान्यन हेतु गूगल फार्म के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शन किये जाने वाले इनोवेशन की सूचना एकत्र किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

उक्त कार्यक्रमों के आयोजन हेतु जिले के जिलाधिकारी अनुश्रवण अधिकारी होंगे और मुख्य विकास अधिकारी कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजक दोनों अधिकारियों के संपर्क में रहेंगे।

संस्थानों के स्तर पर प्रत्येक कार्यक्रम हेतु किसी वरिष्ठ प्रोफेसर को नोडल अधिकारी सुनिश्चित करना और उसके साथ एक टीम बनाना, जिसमें छात्र-छात्राएं भी हों।

5- प्रमुख सचिव महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि उच्च शिक्षा निदेशालय, उ0प्र0, प्रयागराज द्वारा समस्त विश्वविद्यालयों (राज्य/निजी) एवं महाविद्यालयों से सूचना प्राप्त कर यू0पी0 सेवा संकल्प#हैशटैग किया जाय।

प्रमुख सचिव महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि निदेशक, उच्च शिक्षा द्वारा बनाये गये वाट्सएप ग्रुप पर प्रत्येक विश्वविद्यालय/महाविद्यालय की एक या अथवा दो फोटो ग्रुप में रखी जाय। अन्य फोटो हेतु लिंक शेयर कर दिया जाय।

बैठक सधन्यवाद सम्पन्न हुई।

Digitally signed by
Shakil Ahmad Siddiqui
(शकील अहमद सिद्दीकी)
Date: 16-09-2026 15:42:38
संयुक्त सचिव।

**उत्तर प्रदेश शासन**

**उच्च शिक्षा अनुभाग-3**

**संख्या-** 919 **/सत्तर-3-2026-2087049**

**लखनऊ: दिनांक:** 16 **सितम्बर, 2026**

**<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-</u>**

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0।

2- निजी सचिव, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र 0शासन।

3- निजी सचिव, समस्त विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।

4- निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज।

5- कुलपति, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0।

6- कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0।

7- अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद, उ0प्र0।

8- समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।

आज्ञा से,

**(शकील अहमद सिद्दीकी)**

संयुक्त सचिव।

संख्या-37/35-3/2026/नियोजन अनुभाग-3

प्रेषक,

एस0पी0 गोयल

मुख्य सचिव,

उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1- समस्त अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव/ सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।

2- समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।

3- समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।

4- समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

नियोजन अनुभाग-3 लखनऊ: दिनांक: 15 सितम्बर, 2026

विषय: प्रदेश में "सेवा संकल्प अभियान" (17 सितम्बर, 2026 से दिनांक 17 अक्टूबर, 2026) का आयोजन एवं प्रभावी क्रियान्वयन।

महोदया/ महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा दिनांक 10 सितम्बर, 2026 को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेन्स में दिए गए निर्देशों के क्रम में अवगत कराना है कि दिनांक 17 सितम्बर, 2026 से 17 अक्टूबर, 2026 तक सम्पूर्ण प्रदेश में **"सेवा संकल्प अभियान"** संचालित किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस अभियान का मूल भाव केन्द्र सरकार के गत 12 वर्षों एवं राज्य सरकार के 9.5 वर्षों के विकास कार्यों से जनजीवन में आए सकारात्मक परिवर्तनों को जन-जन तक पहुँचाना तथा प्रत्येक नागरिक को **"विकसित भारत, 2047"** के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ना है।

2. केन्द्र सरकार के विगत 12 वर्षों एवं राज्य सरकार के 9.5 वर्षों की अवधि में जन कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की उपलब्धियों को प्रामाणिक एवं प्रभावी रूप से प्रस्तुत करने हेतु निम्न कार्यवाही अपेक्षित है:-

(i) समस्त विभागों द्वारा महत्वपूर्ण परियोजनाओं, विकास कार्यों एवं जन कल्याणकारी योजनाओं का विधानसभा-वार, विकासखण्ड-वार एवं ग्राम पंचायत-वार विस्तृत विवरण तैयार किया जाए।

(ii) लाभार्थीपरक योजनाओं के लाभार्थियों की विधानसभा-वार, ब्लॉक-वार एवं ग्राम पंचायत-वार अद्यतन सूचियां तैयार की जाएं।

(iii) विकास कार्यों के सम्बन्ध में "पहले और बाद" (Before & After) के फोटो, वीडियो, ड्रोन फुटेज एवं रील्स का स्थायी डेटा-बैंक तैयार किया जाए।

(iv) अभियान के अन्तर्गत आयोजित समस्त कार्यक्रमों का प्रगति विवरण, फोटो व वीडियो सहित राज्य स्तर पर CMIS पोर्टल पर उपलब्ध लिंक पर दैनिक रूप से दर्ज किया जाए।

3. अभियान प्रारम्भ होने से पूर्व समस्त विभागों एवं जनपदों द्वारा कार्यक्रमों की समय-सारणी का निर्धारण, लाभार्थियों का डेटाबेस, कार्यक्रम स्थलों का चिन्हीकरण, यात्रा रूट पर आवश्यक

व्यवस्थाएँ, टीमों का गठन, नोडल अधिकारियों की तैनाती, आवश्यक बजट आदि की ससमय व्यवस्था कर ली जाए।

4. अभियान के अन्तर्गत आयोजित किए जाने वाले 12 प्रमुख कार्यक्रमों की अवधि, संयोजक मा० मंत्री जी, कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य, गतिविधियां, उसके क्रियान्वयन एवं सम्बन्धित विभाग/ सहभागी आदि का विवरण संलग्नक-1 के रूप में तथा इसके अतिरिक्त आयोजित किए जाने वाले विशेष कार्यक्रमों का विवरण संलग्नक-2 के रूप में संलग्न है।

5. समीक्षा एवं अनुश्रवण:

अभियान की साप्ताहिक समीक्षा निम्न स्तरों पर सुनिश्चित की जाए:-

(i) विभागीय अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव/ सचिव के स्तर पर- विभाग से सम्बन्धित कार्यक्रमों की साप्ताहिक समीक्षा।

(ii) मण्डलायुक्त के स्तर पर- मण्डल के समस्त जनपदों की साप्ताहिक समीक्षा।

(iii) जिलाधिकारी के स्तर पर- जनपद के समस्त कार्यक्रमों की साप्ताहिक समीक्षा।

(iv) मा० प्रभारी मन्त्रिगण द्वारा अभियान की तैयारियों की समय - समय पर समीक्षा।

6. सामान्य निर्देश:

(i) समस्त प्रशासकीय विभाग अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित कार्यक्रमों हेतु विभागीय नोडल अधिकारी नामित करते हुए विस्तृत विभागीय कार्ययोजना एवं समय-सारणी तत्काल तैयार कर लें।

(ii) समस्त जिलाधिकारी अपने जनपद में प्रत्येक कार्यक्रम हेतु नोडल अधिकारी नामित करते हुए जनपद स्तरीय कैलेण्डर तैयार करें तथा मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से दैनिक अनुश्रवण सुनिश्चित करें।

(iii) प्रत्येक कार्यक्रम की प्रगति के फोटो एवं वीडियो राज्य स्तरीय पोर्टल पर उसी दिन अनिवार्य रूप से अपलोड किए जाएं।

(iv) सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा राज्य एवं जनपद स्तर पर समस्त कार्यक्रमों का मीडिया के सभी माध्यमों में प्रभावी कवरेज सुनिश्चित किया जाए तथा सोशल मीडिया हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए।

(v) समस्त कार्यक्रमों में व्यापक जन-सहभागिता सुनिश्चित की जाए तथा आयोजन में मितव्ययिता का विशेष ध्यान रखा जाए। कार्यक्रमों हेतु कोई नवीन अथवा अतिरिक्त व्यय स्वीकृत नहीं किया जाएगा; व्यय उपलब्ध विभागीय बजट से ही किया जाए।

(vi) सामूहिक आयोजनों में भीड़ प्रबन्धन, यातायात, सुरक्षा, चिकित्सा एवं स्वच्छता की समुचित व्यवस्था पूर्व से सुनिश्चित की जाए।

(vii) विद्यालयों, आंगनवाड़ी केन्द्रों एवं चिकित्सालयों में आयोजित कार्यक्रम पूर्णतः शैक्षिक/ विभागीय गतिविधि के रूप में सम्पन्न कराए जाएँ तथा बच्चों की सहभागिता स्वैच्छिक रखी जाए।

(viii) लाभार्थी डेटा का उपयोग केवल शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं सन्तृप्तीकरण हेतु किया जाए तथा डेटा की गोपनीयता सम्बन्धी विधिक प्रावधानों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

(ix) यदि अभियान अवधि में प्रदेश के किसी क्षेत्र में उप-निर्वाचन अथवा स्थानीय निकाय निर्वाचन की अधिसूचना निर्गत होती है, तो सम्बन्धित क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों का पूर्णतः अनुपालन करते हुए कार्यक्रमों को तदनुसार संशोधित/ स्थगित किया जाए।

उपर्युक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपर्युक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए "सेवा संकल्प अभियान" के समस्त कार्यक्रमों को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान की जाए, जिससे शासन की मंशा के अनुरूप व्यापक जन-सहभागिता के साथ अभियान का सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके।

संलग्नक: यथोपरि

भवदीय,

14/3/2026

(एस0पी0 गोयल)
मुख्य सचिव

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 शासन।
2- पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0।
3- अपर मुख्य सचिव, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 शासन को इस निर्देश के साथ कि अभियान के समस्त कार्यक्रमों के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं मीडिया कवरेज की समेकित कार्ययोजना तैयार कर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।
4- प्रमुख सचिव, नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन को इस निर्देश के साथ कि अभियान से सम्बन्धित अन्तर्विभागीय समन्वय, अनुश्रवण एवं राज्य स्तरीय डेटा संग्रहण सुनिश्चित करें।
5- सचिव (श्री सुरेन्द्र सिंह), मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0 शासन को इस निर्देश के साथ कि मुख्यमंत्री कार्यालय स्तर पर कन्ट्रोल रूम की स्थापना कराते हुए अभियान की दैनिक प्रगति से मा0 मुख्यमंत्री जी को अवगत कराना सुनिश्चित करें।
6- समस्त निजी सचिव, मा0 मंत्रिगण, उ0प्र0 शासन को मा0 मंत्री जी के अवलोकनार्थ।
7- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

Digitally signed by
ALOK KUMAR
Date: 15-03-2026 18:12:04

(आलोक कुमार III)
प्रमुख सचिव

**संलग्नक-1**

| क्र | कार्यक्रम, अवधि एवं संयोजक मंत्री | उद्देश्य, मुख्य गतिविधियाँ एवं क्रियान्वयन | सम्बन्धित विभाग एवं सहभागी |
|---|---|---|---|
| **1** | सेवा दिवस- आशीर्वाद का दीया<br>दिनांक 17 सितम्बर, 2026<br>(सायं 7:00 बजे)<br><br>संयोजक:<br>श्री धर्मवीर प्रजापति,<br>मा0 राज्य मंत्री(स्व0प्र0), होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा विभाग | *उद्देश्य: विकसित भारत 2047 के सामूहिक संकल्प का प्रतीक दीप प्रज्वलित करना।*<br>• 17 सितंबर को माननीय प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस को संपूर्ण प्रदेश में "सेवा दिवस" के रूप में मनाया जाएगा।<br>• सेवा दिवस के अवसर पर अस्पतालों में फल वितरण, रक्तदान शिविर तथा विश्वकर्मा जयंती पर टूल किट वितरण के कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।<br>• केन्द्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में लाभान्वित परिवार सायं 7:00 बजे अपने घर/प्रतिष्ठान पर "आशीर्वाद का दिया" जलाएँगे।<br>• वर्ष 2014 के उपरान्त केन्द्र एवं वर्ष 2017 के उपरान्त केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा सम्पन्न समस्त विभागों के प्रमुख विकास कार्यों/अवस्थापना परियोजनाओं यथा एक्सप्रेस-वे, हवाई अड्डे, मेट्रो, बॉर्डर गेट, शिक्षण संस्थान, चिकित्सा संस्थान, कार्यालय, तीर्थस्थल, आवास आदि तथा शहरी निकायों एवं पंचायतों द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों यथा पंचायत सचिवालय, अन्नपूर्णा भवन, पार्क, कॉम्प्लेक्स, सरोवर आदि में से चयनित प्रमुख स्थलों पर दीप प्रज्वलन किया जाएगा।<br>• मा० मंत्रीगण, मा० विधायकगण, जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिक #आशीर्वाद_का_दीया हैशटैग के साथ फोटो/वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करेंगे। | नोडल विभाग (ग्रामीण क्षेत्र): पंचायती राज विभाग<br>नोडल विभाग (शहरी क्षेत्र): नगर विकास विभाग<br>अन्य: समस्त लाभार्थीपरक योजनाओं वाले विभाग, अवस्थापना से सम्बन्धित समस्त विभाग एवं सूचना विभाग। |
| **2** | मेरे सपनों का भारत- चित्र सेवा<br>दिनांक 17 सितम्बर से 07 अक्टूबर, 2026 | *उद्देश्य: "विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश की संकल्पना" को प्रत्येक परिवार तक पहुँचाया जाना।*<br>• प्रत्येक शासकीय एवं निजी विद्यालय में कक्षा 5-8 हेतु ड्राइंग तथा कक्षा 9-12 हेतु ड्राइंग/भाषण/सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता; उच्च | नोडल विभाग: बेसिक शिक्षा विभाग<br>सहभागी: शिक्षा से सम्बन्धित अन्य समस्त |

| क्र | कार्यक्रम, अवधि एवं संयोजक मंत्री | उद्देश्य, मुख्य गतिविधियाँ एवं क्रियान्वयन | सम्बन्धित विभाग एवं सहभागी |
|---|---|---|---|
| | संयोजक:<br>श्री संदीप सिंह<br>मा0 राज्य मंत्री(स्व0प्र0), बेसिक शिक्षा विभाग। | शिक्षण संस्थानों में ड्राइंग/भाषण/सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की जाए।<br>• "विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश" की थीम पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।<br>• चयनित ड्राइंग्स की विद्यालय एवं ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शनी आयोजित की जाए, जिसमें अभिभावक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहेंगे।<br>• सर्वश्रेष्ठ ड्राइंग्स का चयन करते हुए जिला स्तरीय प्रदर्शनी आयोजित की जाए, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं जन समुदाय उपस्थित रहेंगे।<br>• दिनांक 07 अक्टूबर, 2026 को राज्य स्तरीय भव्य प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी, जिसमें मा॰ मुख्यमंत्री जी एवं मा॰ मंत्रीगण की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।<br>• प्रत्येक स्तर पर उत्कृष्ट प्रविष्टियों को मा॰ मुख्यमंत्री जी के डिजिटल हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे। | विभाग एवं स्थानीय जिला प्रशासन । |
| **3** | नमो सेवा- अनकही कहानियाँ<br>(नुक्कड़ नाटक/नाट्य मंचन)<br><br>संयोजक:<br>श्री जयवीर सिंह,<br>मा0 मंत्री, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग | *उद्देश्य: प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं एवं देश- प्रदेश में आए बदलाव की कहानी को सरल, भावनात्मक एवं संगीतपूर्ण नाटक के माध्यम से गाँव-गाँव एवं शहर तक पहुँचाना।*<br>• 25 से 30 मिनट की मानकीकृत रिकॉर्डेड प्ले/ऑडियो, पर आधारित सांस्कृतिक नुक्कड़ नाटक एवं नाट्य प्रस्तुतियाँ की जाएंगी।<br>• संस्कृति विभाग द्वारा प्रदेश के प्रत्येक जनपद हेतु 18–20 कलाकारों की सांस्कृतिक टोलियों का गठन कर शीघ्र जनपदों को सूचित किया जाए।<br>• प्रत्येक विधान सभा में 07 अलग-अलग स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।<br>• जनपद में ऐसे कलाकारों, युवाओं व विद्यार्थियों का चिह्नीकरण कर प्रशिक्षित किया जाए जो नुक्कड़ नाटक/ नाट्य मंचन कर सकें।<br>• ग्राम पंचायत, सामुदायिक केन्द्रों, विद्यालयों सहित प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर मंचन किया जाए। | नोडल विभाग: संस्कृति विभाग<br>अन्य विभाग एवं संस्थान: युवा कल्याण विभाग, ललित कला संस्थान, भारतेन्दु नाट्य अकादमी, भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय, पंचायती राज विभाग एवं नगर विकास विभाग आदि। |

| क्र | कार्यक्रम, अवधि एवं संयोजक मंत्री | उद्देश्य, मुख्य गतिविधियाँ एवं क्रियान्वयन | सम्बन्धित विभाग एवं सहभागी |
|---|---|---|---|
| | | • श्रेष्ठ प्रस्तुतियों के राज्य स्तरीय कार्यक्रम में उत्कृष्ट कलाकारों, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा। | |
| 4 | आंगन मिलन सेवा<br>दिनांक 25 सितम्बर से 07 अक्टूबर, 2026<br><br>संयोजक:<br>श्रीमती बेबी रानी मौर्य<br>मा0 मंत्री, महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार | *उद्देश्य: आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/सहायिकाओं/आशाओं का सार्वजनिक सम्मान करना तथा माताओं तक पोषण, स्वास्थ्य एवं महिला सम्बन्धी योजनाओं की जानकारी सरल भाषा में पहुँचाना।*<br>• प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र पर 03 दिवसीय उत्सव एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाए।<br>• उत्कृष्ट आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं, आशा दीदी एवं लाभार्थी माताओं का सार्वजनिक सम्मान एवं प्रमाण-पत्र वितरण किया जाए।<br>• देश एवं प्रदेश में महिला एवं बाल विकास हेतु योजनाओं एवं कार्यक्रमों से आए बदलावों की जानकारी वाली पुस्तिका वितरित की जाए तथा शासन से प्राप्त पत्र पढ़ा जाए।<br>• हेल्दी बेबी प्रतियोगिताओं का आयोजन एवं पुरस्कार वितरण किया जाए।<br>• बच्चों को खिलौने, फल एवं मिठाई का वितरण किया जाए। | नोडल विभाग: महिला, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग।<br>अन्य विभाग: स्वास्थ्य विभाग आदि |
| 5 | सेवा की कहानी<br><br>संयोजक:<br>श्री गिरीशचन्द्र यादव<br>मा0 राज्य मंत्री (स्व0प्र0), खेल एवं युवा कल्याण | *उद्देश्य: सरकार की योजनाओं से जिन नागरिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है, ऐसे नागरिकों की वास्तविक कहानी देश के सामने लाना।*<br>• प्रदेश की वृहद अवस्थापना एवं जनोपयोगी परियोजनाओं/योजनाओं से प्रदेश वासियों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव पर 60 सेकेण्ड की रील्स, जिनमें नाम, स्थान, जिला एवं योजना का विवरण दर्ज हो।<br>• ग्राम स्तर से राज्य स्तर तक समस्त विभागों की योजनाओं एवं परियोजनाओं से हुए बदलाव की रील बनाई जाए एवं युवा इन्फ्लुएंसर/यूट्यूबर को जोड़ा जाए।आवास, स्कूल, पंचायत भवन, अन्नपूर्णा भवन, लाइब्रेरी, उत्सव भवन से लेकर एक्सप्रेस-वे, एयरपोर्ट्स, इनलैंड पोर्ट, मेट्रो, | नोडल विभाग: सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग।<br>अन्य विभाग: अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, एमएसएमई विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्राम्य विकास विभाग एवं कल्याणकारी योजनाओं वाले समस्त विभाग। |

| क्र | कार्यक्रम, अवधि एवं संयोजक मंत्री | उद्देश्य, मुख्य गतिविधियाँ एवं क्रियान्वयन | सम्बन्धित विभाग एवं सहभागी |
|---|---|---|---|
| | | RRTS, विश्वविद्यालय आदि पर रील बनाई जाए। मा० जनप्रतिनिधिगण, पद्म अवार्डी, खिलाड़ी, सेलिब्रिटी, लाभार्थी आदि स्वयं रील बनाकर आधिकारिक पोर्टल पर अपलोड कर सकेंगे।<br>• चयनित उत्कृष्ट रील्स का संकलन किया जाए एवं सोशल मीडिया सहित समस्त प्लेटफॉर्म्स पर व्यापक प्रसार किया जाए। | |
| **6** | सेवा ज्योति कलश यात्रा- विकसित भारत का संकल्प<br>दि० 07 अक्टूबर, 2026<br>संयोजक:<br>श्री जसवंत सिंह सैनी,<br>मा0 राज्य मंत्री, संसदीय कार्य तथा औद्योगिक विकास। | *उद्देश्य:* माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा जनसेवा के 25 वर्षों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना तथा विकसित भारत 2047 के निर्माण के लिए जन-जन को एकजुट करना।<br>• प्रत्येक जनपद के एक प्रमुख चौराहे पर सेवा कलश की स्थापना की जाए।<br>• जनपद के विभिन्न कोनों से पैदल, साइकिल एवं बाइक रैलियों का एक पूर्व चिन्हित मुख्य चौराहे पर आगमन होगा।<br>• बड़ी एलईडी स्क्रीन पर मा० प्रधानमंत्री जी के सम्बोधन का सजीव प्रसारण का प्रबन्ध किया जाए।<br>• इस अवसर पर "विकसित भारत **2047**" का सामूहिक संकल्प लिया जाएगा।<br>• सफाई, स्वच्छता एवं भीड़ प्रबन्धन का विशेष ध्यान रखा जाए। | सम्बन्धित विभाग: जिला प्रशासन, गृह, युवा कल्याण एवं खेल विभाग।<br>सहभागी: सामाजिक संगठन आदि। |
| **7** | वडनगर (गुजरात) से वाराणसी यात्रा- जल, जन और सेवा संकल्प<br>दिनांक 17 सितम्बर, 2026 से 07 अक्टूबर, 2026<br><br>संयोजक:<br>श्री जे०पी०एस० राठौर | *उद्देश्य: पवित्र जल के आदान-प्रदान के माध्यम से वाराणसी एवं वडनगर (गुजरात) को जोड़ना तथा मार्ग के गाँवों में सेवा और विकास पर सहज संवाद करना।*<br>• वाराणसी एवं वडनगर (गुजरात) से 250 बाइकर्स एवं 500 युवा, 50-50 की 10 टोलियों में रवाना होंगे।<br>• उत्तर प्रदेश की 10 नदियों से जल लेकर 10 टोलियाँ काशी से वडनगर (गुजरात) हेतु 10 भिन्न-भिन्न मार्गों से प्रस्थान करेंगी।<br>• प्रस्थान से पूर्व सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी में एक कार्यक्रम एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। | सम्बन्धित विभाग: संस्कृति विभाग, गृह विभाग, पर्यटन विभाग, परिवहन विभाग, सूचना विभाग आदि एवं जिला प्रशासन। |

| क्र | कार्यक्रम, अवधि एवं संयोजक मंत्री | उद्देश्य, मुख्य गतिविधियाँ एवं क्रियान्वयन | सम्बन्धित विभाग एवं सहभागी |
|---|---|---|---|
| | मा0 राज्य मंत्री (स्व0प्र0), सहकारिता। | • जिन जनपदों से यह टोली गुजरेगी, उस जनपद में चार चौपाल आयोजित की जाएँगी तथा LED वाहन से 15 मिनट की विकास यात्रा पर फिल्म, जनसंवाद एवं योजनाओं का प्रचार किया जाएगा।<br>• उत्तर प्रदेश में यात्रा के फ्लैग-ऑफ/समापन सत्र में मा॰ मुख्यमंत्री जी तथा मा॰ मंत्रीगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि अलग-अलग स्थानों पर यात्रा से जुड़ेंगे। | |
| **8** | सेवा- मेरा योगदान<br><br>दिनांक 17 सितम्बर, 2026 से 17 अक्टूबर, 2026<br><br>संयोजक:<br>श्री ए॰के॰ शर्मा<br>मा0 मंत्री,<br>ऊर्जा, नगर विकास, शहरी समग्र विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्नमूलन, अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत। | *उद्देश्य: प्रत्येक नागरिक को सेवा कार्यों से जोड़कर समाज सेवा में योगदान देने के लिए प्रेरित करना।*<br>• निम्न सेवा गतिविधियों में व्यापक जन सहभागिता सुनिश्चित की जाए- रक्तदान शिविर, अनाथालय/वृद्धाश्रम भ्रमण, वृक्षारोपण, स्वच्छता ही सेवा, स्वास्थ्य जाँच शिविर, एक गाँव गोद लें-सेवा कार्य, योग एवं ध्यान सत्र, प्लास्टिक मुक्ति जागरूकता, महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, वंचित बच्चों को शिक्षा सहयोग, कैरियर काउंसलिंग, वरिष्ठ नागरिकों हेतु डिजिटल साक्षरता, अंगदान संकल्प, नशा मुक्त भारत, पोषण एवं एनीमिया, सड़क सुरक्षा जागरूकता, जल संरक्षण एवं जल स्रोत सफाई, कचरा पृथक्करण एवं कम्पोस्टिंग, साइबर सुरक्षा, फिट इंडिया, वीर गाथा एवं सैनिक सम्मान, दिव्यांगजन सहयोग, मतदाता जागरूकता एवं पंजीकरण, वोकल फॉर लोकल, गौशाला में सेवा तथा सरकारी योजनाओं की जागरूकता।<br>• प्रत्येक विधानसभा में न्यूनतम 2 स्थलों का कायाकल्प (Visible Facelifting) किया जाए।<br>• प्रतिभागी नागरिक कम से कम 25 मिनट श्रमदान कर My Bharat Portal पर वीडियो/तस्वीर अपलोड कर डिजिटल सर्टिफिकेट प्राप्त करेंगे। | सम्बन्धित विभाग: नगर विकास, युवा कल्याण एवं खेल सहित समस्त प्रशासकीय विभाग।<br>सहभागी: NCC, NSS, My Bharat Volunteers Reputed NGOs आदि। |

| क्र | कार्यक्रम, अवधि एवं संयोजक मंत्री | उद्देश्य, मुख्य गतिविधियाँ एवं क्रियान्वयन | सम्बन्धित विभाग एवं सहभागी |
|---|---|---|---|
| 9 | सेवा सेतु अभियान (विकासखण्ड स्तरीय 05-07 दिवसीय शिविर)<br><br>संयोजक:<br>श्री सोमेन्द्र तोमर, मा0 राज्य मंत्री (स्व0प्र0), राजनैतिक पेंशन, सैनिक कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल। | *उद्देश्य: नागरिक से लाभार्थी तक, एक ही स्थान पर-प्रत्येक नागरिक को सरकारी कार्यालय के चक्कर लगाए बिना मौके पर ही योजनाओं का लाभ मिले।*<br>• प्रत्येक विकासखण्ड स्तर एवं नगरीय निकाय में 05–07 दिवसीय बहुउद्देशीय सेवा शिविरों/स्टॉल्स का आयोजन किया जाए।<br>• ये शिविर दो चरणों में आयोजित कर दिनांक 09 अक्टूबर, 2026 तक सम्पन्न हो जाएँ।<br>• इस अवसर पर स्वास्थ्य मेला भी आयोजित किया जाएगा।<br>• केन्द्र एवं राज्य की समस्त योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध करायी जाए।<br>• जनपद में किसी एक प्रमुख स्थान या प्रत्येक विधान सभा में विभागीय निर्देशानुसार सुविधाजनक तिथि पर दिव्यांग्य कल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे।<br>• ऑन-द-स्पॉट फॉर्म भरना, पात्रता सत्यापन एवं शिविर के अन्त तक योजना के अन्तर्गत पात्रता के आधार पर आवेदन स्वीकृति का प्रबंध किया जाए। | सम्बन्धित विभाग: नगर विकास, राजस्व, गृह, समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण, महिला एवं बाल विकास, दिव्यांग कल्याण, ग्राम्य विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा समस्त सेवा प्रदाता विभाग। |
| 10 | सेवा के रंग, राष्ट्र के संग<br><br>संयोजक:<br>श्री असीम अरुण, मा0 राज्य मंत्री (स्व0प्र0), समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण। | *उद्देश्य: आभार और संकल्प की रंगोली, जिसमें प्रमुख जन कल्याणकारी योजनाएँ, राष्ट्रीय प्रतीक एवं विकसित भारत का सपना दर्शाया जाए।*<br>• लखनऊ में एक प्रमुख स्थल पर 108 मीटर व्यास की मानव समूह रंगोली का आयोजन किया जाएगा।<br>• प्रत्येक जनपद में एक वृहद रंगोली तथा समस्त विकास खण्डों में एक-एक रंगोली बनाई जाए, जिनमें केवल प्राकृतिक सामग्री (फूल, प्राकृतिक रंग, अनाज एवं मिट्टी) का उपयोग किया जाएगा।<br>• थीम: जन कल्याणकारी योजनाएँ, राष्ट्रीय प्रतीक एवं विकसित भारत 2047। | सम्बन्धित विभाग: संस्कृति विभाग<br>सहभागी: महिला स्वयं सहायता समूह (SHG), स्थानीय कलाकार एवं युवा वर्ग। |

| क्र | कार्यक्रम, अवधि एवं संयोजक मंत्री | उद्देश्य, मुख्य गतिविधियाँ एवं क्रियान्वयन | सम्बन्धित विभाग एवं सहभागी |
|---|---|---|---|
| | | • कलाकारों, महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों एवं विद्यार्थियों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जाए।<br>• रंगोली का ड्रोन एवं एरियल कवरेज किया जाए। | |
| **11** | सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज (देश के 05 प्रमुख केन्द्रों पर आयोजन)<br><br>संयोजक:<br>श्री कपिल देव अग्रवाल<br>मा0 राज्य मंत्री (स्व0प्र0), व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास | *उद्देश्य: देश के युवाओं, विद्यार्थियों, स्टार्टअप, प्रोफेशनल, कॉर्पोरेट इनोवेटर तथा जमीनी स्तर पर नए समाधान विकसित करने वाले लोगों को एक मंच पर जोड़ना।*<br>• देश के 05 प्रमुख केन्द्रों पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज में प्रदेश के युवाओं की भागीदारी करायी जाए।<br>• राज्य के समस्त विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेजों, ITI एवं पॉलिटेक्निक संस्थानों में छात्रों का व्यापक ओरिएंटेशन एवं मोटिवेशन करते हुए ऑनलाइन आवेदन कराया जाए।<br>• जनपद स्तर पर Problem Statement देते हुए शिक्षा संस्थान, स्टार्टअप नेटवर्क, इनक्यूबेशन सेंटर एवं निजी कम्पनियों को सहभागी बनाया जाए।<br>• इन कार्यक्रमों में प्रदर्शनी, लाइव डेमो, युवा संवाद, विशेषज्ञ सत्र एवं पुरस्कार कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे। | सम्बन्धित विभाग: आई०टी० एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग एवं व्यावसायिक शिक्षा विभाग।<br>सहभागी: स्टार्टअप सेल। |
| **12** | सुशासन सेवा संवाद<br>दि० 17 अक्टूबर, 2026<br>संयोजक:<br>श्री दयाशंकर सिंह, मा0 राज्य मंत्री (स्व0प्र0), परिवहन विभाग। | • ग्राम प्रधान से लेकर सांसद तक का चार स्थानों में राष्ट्रीय समागम आयोजित किया जाएगा।<br>• इस अवसर पर विकसित भारत-2047 का संकल्प एवं वन्दे मातरम् का गायन कर गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराया जाएगा।<br>• इस अवसर पर मा० प्रधानमंत्री जी का सम्बोधन तथा उनके नेतृत्व में सामूहिक विकसित भारत संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। | सम्बन्धित विभाग: पंचायती राज विभाग, संसदीय कार्य विभाग एवं समस्त जनप्रतिनिधि। |

संलग्नक-2

अन्य विशेष कार्यक्रम

| क्र0 | कार्यक्रम | विवरण | सम्बन्धित विभाग |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रमुख स्मारकों पर लेजर शो | नमो सेवा की थीम पर प्रदेश के ऐतिहासिक एवं लोकप्रिय स्मारकों/पर्यटक स्थलों का चयन कर 25 वर्षों की ऐतिहासिक विकास यात्रा को दर्शाने वाले भव्य लेजर शो का आयोजन किया जाए। | पर्यटन एवं संस्कृति विभाग |
| 2 | महायज्ञ एवं प्रार्थना सभाएँ | प्रदेश के प्रमुख तीर्थ स्थलों एवं शक्तिपीठों में राष्ट्र कल्याण, शान्ति एवं विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि हेतु महायज्ञ एवं विशेष अनुष्ठान का आयोजन किया जाए। | धर्मार्थ कार्य एवं संस्कृति विभाग। |
| 3 | ग्राम चौपाल एवं पुस्तकालय | पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर दिनांक 25 सितम्बर, 2026 को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में पुस्तकालयों का लोकार्पण किया जाए। ग्रामीण स्तर पर चौपालों का आयोजन कर जनता से सीधा फीडबैक एवं सुझाव संकलित किए जाएंगे। | पंचायती राज एवं नगर विकास विभाग। |